12

(155)

संख्या– 613/XVII-4/2017–01(82)/2014

प्रेषक,

डॉ0 रणवीर सिंह,
अपर मुख्य सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तराखण्ड
हल्द्वानी–नैनीताल।

2. निदेशक,
जनजाति कल्याण, उत्तराखण्ड
देहरादून।

समाज कल्याण अनुभाग–04 देहरादून दिनांक 17 अक्टूबर, 2017

विषय–समाज कल्याण विभाग एवं जनजाति कल्याण विभाग द्वारा दी जारी छात्रवृत्ति के वितरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–165/XVII-4/2017–01(82)/2014 दिनांक 03.05.2017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के सत्यापन हेतु कतिपय दिशा–निर्देश दिये गये हैं। अतः उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि छात्रवृत्ति वितरण में उत्पन्न कठिनाई पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त शासनादेश दिनांक 03.05.2017 के बिन्दु संख्या–06 एवं 11 में संशोधन किये जाने का निर्णय लिया गया है, जो निम्नवत रहेगा–

SAO (B) / AO (P)

2. बिन्दु संख्या–6 निम्नलिखित अंश विलोपित समझा जाय:–
"इसमें छात्रवृत्ति का भुगतान उपरोक्त प्रमाण पत्र के आधार पर ही किया जाएगा। उपरोक्त प्रमाण पत्र के अभाव में छात्रवृत्ति वितरित नहीं की जाएगी।"

3. बिन्दु संख्या–11 में शब्द "बायोमैट्रिक" विलोपित समझा जाय।

4. स्पष्ट किया जाता है कि छात्रवृत्ति के भुगतान हेतु बायोमैट्रिक उपस्थिति तथा जिलाधिकारी द्वारा दिया जाने वाला भौतिक सत्यापन प्रमाण पत्र अनिवार्य नहीं होंगे। किन्तु यदि सत्यापन में कोई गड़बड़ी सामने आती है तो नियमानुसार कठोर कार्यवाही संबंधित के विरूद्ध अमल में लाई जाय।

उपर्युक्तानुसार उक्त शासनादेश यथा संशोधित समझा जायेगा।

भवदीय,
17/10/2017
(डॉ0 रणवीर सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

पृष्ठांकन संख्या– /XVII-4/2017–01(82)/2014, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
2. निजी सचिव, मा0 मंत्री समाज कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
4. महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क निदेशालय, देहरादून।
5. निदेशक, एन0आई0सी0, देहरादून।
6. नोडल अधिकारी, आई0टी0 प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड।
7. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
8. समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी उत्तराखण्ड।
9. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
(डा0 राम बिलास यादव)
अपर सचिव।

18-10-2017
1783

पत्र प्राप्ति दिनांक
एवं पत्रांक संख्या
हस्ताक्षर